संपादकीय

पाक पर नकेल

पिछले तीन दशक के सबसे भयावह पुलवामा आतंकी हमले में सीआरपीएफ जवानों की शहादत के बाद पूरा देश दुख और गुस्से में है। प्रधानमंत्री ने सेना व सुरक्षा बलों को खुली छूट देने के बाद पाक पर चौतरफा दबाव बनाने के प्रयास तेज किये हैं। समय संयम से काम लेने का भी है क्योंकि दोनों देशों के परमाणु शक्ति संपन्न व पाक पर चीन का वरदहस्त होने के चलते युद्ध अंतिम विकल्प नहीं हो सकता। ऐसे में सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद व खुफिया तंत्र को चुस्त-दुरुस्त करने के साथ ही कूटनीतिक प्रयासों से पाक को बेनकाब कर अलग-थलग करने की जरूरत भी है। दबाव बनाने के प्रयासों में पाक से सबसे तरजीही देश का दर्जा वापस लेने के बाद भारत ने पाकिस्तानी आयात पर दो सौ फीसदी टैक्स लगा दिया है। इसका मतलब पाक से आयात बंद होना ही है। भारत जहां महज दो अरब डॉलर से कम का निर्यात करता है, वहीं बीते वर्ष पाकिस्तान ने लगभग 49 अरब डॉलर का निर्यात भारत को किया। इसका दबाव निश्चित रूप से पाक अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा। दूसरी तरफ भारत ने पाक की आर्थिक मदद का निर्धारण करने वाली अंतर्राष्ट्रीय संस्था फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स की रविवार से पेरिस में होने वाली बैठक के लिए दबाव बनाना शुरू किया है। आतंकवादी संगठनों को आर्थिक मदद करने के आरोपों के चलते इस अंतर्राष्ट्रीय संगठन ने पाक को अब तक ग्रे लिस्ट यानी निगरानी सूची में शामिल किया है।

दरअसल, भारत ने पुलवामा हमले के बाद तमाम एजेंसियों को पाक की आतंकवाद में संलिप्तता के सबूतों का डोजियर तैयार करके विदेश मंत्रालय को सौंपने को कहा है, जिससे एफएटीएफ पर तथ्यों के साथ पाक को अंतर्राष्ट्रीय मदद रोकने का दबाव बनाया जा सके। दरअसल, पाकिस्तान में जैश-ए-मोहम्मद व लश्कर-ए-तैयबा जैसे आतंकी संगठनों द्वारा धन उगाही व बैंकिग सिस्टम का उपयोग करने के सबूत भारत व अन्य देशों द्वारा प्रस्तुत करने के बाद संयुक्त राष्ट्र ने इन आतंकवादी संगठनों पर प्रतिबंध लगा रखे हैं। वहीं चीन के दबाव के चलते मसूद अजहर को अंतर्राष्ट्रीय आतंकवादी घोषित नहीं किया जा सका। भारत को चीन को समझाना होगा कि आतंकवाद का पोषण किसी भी देश के हित में नहीं है। वह भी तब जबकि चीन खुद अपने शिनजियांग प्रांत में इस्लामिक आतंकवाद से जूझ रहा है। चीन ने पुलवामा हमले की निंदा तो की है, मगर किसी संगठन व देश का नाम नहीं लिया। दरअसल, चीन ने पाकिस्तान में अपनी महत्वाकांक्षी 'वन बेल्ट, वन रोड' परियोजना तथा पाक अधिकृत कश्मीर में इतना बड़ा निवेश किया है कि वह जल्दी से पाक को नाराज नहीं करना चाहता। दूसरी तरफ भारत में हमले के बाद ईरान भी पाक की धरती से आतंकवादियों की साजिश के खिलाफ मुखर हो गया है। बुधवार को पाक समर्थित आतंकवादियों के हमले में ईरान के 27 रिवोल्यूशनरी गार्डों ने जान गंवायी, जिससे पाक के खिलाफ आगबबूला ईरान सबक सिखाने की चेतावनी दे रहा है। चिंता की बात यह भी है कि पुलवामा हमले को स्थानीय फिदायीन ने अंजाम दिया। ऐसे में दिल्ली व कश्मीर के बीच दूरी मिटाने की भी कोशिश होनी चाहिए।

पाक की अर्थव्यवस्था की कमर टूटी, हर रोज 100 करोड़ का हो रहा नुकसान

नई दिल्ली (आरएनएस)। पुलवामा हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान को ऐसे करारे झटके दिए हैं जिन्होंने पाक की अर्थव्यवस्था को डगमगाने का काम किया है। जैसे कि सीमा शुल्क में 200 फीसदी ड्यूटी बढ़ाना। इसके साथ ही भारतीय व्यापारियों ने भी पाकिस्तान से आने वाला सामान जैसे कि सीमेंट आयात करना बंद कर दिया है। कई ट्रेडर्स और किसानों ने तो पाक को माल

भेजना ही बंद कर दिया है। पाक मीडिया की खबर के अनुसार बाघा बॉर्डर पर करोड़ों का छुहारा पड़ा हुआ है जिसे पाकिस्तान भारत में नहीं भेज पा रहा है। पाकिस्तानी मीडिया अब भारत सरकार को जमकर कोस रही है। अब करोड़ों का माल पाकिस्तान के गोदाम, ट्रक और बाघा बॉर्डर पर पड़े-पड़े सड़ रहा है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, एक ट्रक छुहारे की कीमत जहां करीब 15 लाख रुपए के आसपास होती थी, वह बढ़कर 32 लाख रुपए हो गई है। इसके साथ ही लाहौर में टमाटर 180 रुपए प्रति किलो बिक रहा है। वहीं भारत में टमाटर 10 रुपए किलो मिल रहा है। पाकिस्तान की ओर से भारत आने वाले सामान से लदे ट्रक दोगुना टैक्स होने के कारण बॉर्डर से वापस लौट रहे है। पाकिस्तानी मीडिया के अनुसार, छुआरे से लदे ट्रक भारत बॉर्डर से वापस लौट रहे हैं। इससे अरबों रुपए का व्यापार ठप हो रहा है। इन ट्रकों के लौटने के कारण पाकिस्तान को रोजाना 50 से 60 करोड़ रुपए का नुकसान हो रहा है।

शी से मिले सऊदी के क्राउन प्रिंस, हुआ 10 अरब की रिफाइनरी का सौदा

बीजिंग (आरएनएस)। सऊदी के प्रिंस क्राउन सलमान बिन ने चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से शुक्रवार को मुलकात की। इस मौके पर सऊदी की तेल कंपनी अरामको ने चीन में 10 अरब डॉलर की लागत से रिफाइनरी व पेट्रोकेमिकल कांप्लेक्स विकसित करने के करार पर हस्ताक्षर किए। इसके अलावा दोनों देशों ने 28 अरब डॉलर मूल्य के अन्य 35 आर्थिक करार पर हस्ताक्षर किए।

रिपोर्ट के अनुसार, अरामको चीन में एक रिफाइनरी विकसित करेगा जिसमें तीन लाख बैरल रोजाना तेल शोधन किया जाएगा। इसके अलावा 15 लाख टन सालाना इथिलीन क्रैकर और 13 लाख टन सालाना पैराक्सीलीन बनाने की इकाई चीनी की नोरिनको कंपनी समूह और पन्जीन सिनसेन के साथ लगाई जाएगी। नई कंपनी में हुआजिन अरामको पेट्रोकेमिकल में सऊदी की कंपनी की 35 फीसदी हिस्सेदारी होगी, जबकि नोरिको और पन्जीन सिनसेन की हिस्सेदारी क्रमशः 36 फीसदी और 29 फीसदी होगी।

देश की 12 लाख से ज्यादा कंपनियों के लिए सरकार ने अनिवार्य की ई-फाइलिंग

फेल होने पर लगेगा जुर्माना

नई दिल्ली (आरएनएस)। फर्जी कंपनियों पर केवाईसी (अपने ग्राहक को जानो) के सख्त नियमों के जरिए शिकंजा कसते हुए सरकार ने भारत में पंजीकृत 12 लाख से ज्यादा कंपनियों के लिए सरकार द्वारा अनिवार्य की गई ई-फाइलिंग में पंजीकृत कार्यालय का ब्योरा समेत उनके सारे विवरण को अपलोड करना अनिवार्य कर दिया है। कंपनी कार्य मंत्रालय ने कंपनी (संयोजन) संशोधन नियम 2019 को अधिसूचित किया है जिसके तहत 31 दिसंबर 2017 से पहले पंजीकृत सभी कंपनियों को 25 अप्रैल 2019 को या उससे पहले ई-फार्म एसीटीआईवीई (एक्टिव कंपनी टैगिंग आइडेंटिटीज एंड वेरीफिकेशन)-आईएनसी-22 ए

फाइल करना अनिवार्य है।

ई-फार्म एसीटीआईवीई फाइल करने में विफल रहने वाली कंपनी पर 10,000 रुपये का जुर्माना लगाने के साथ उसे एसीटीआईवीई का पालन नहीं करने वाली कंपनी घोषित किया जाएगा। एक बार कंपनी को एसीटीआईवीई का पालन नहीं करने के लिए चिन्हित किए जाने पर वह अपनी पूंजी संरचना में बदलाव नहीं कर पाएगी या विलय या एकीकरण का करार नहीं कर पाएगी। ऐसी कंपनियां अपने निदेशकों में बदलाव या पंजीकृत कार्यालय में बदलाव नहीं कर पाएगी।

दुनिया के 500 अमीरों की सूची में 19 भारतीय, मुकेश अंबानी टॉप-10 से बाहर

ब्लूमबर्ग बिलेनियर इंडेक्स

नई दिल्ली (आरएनएस)। ब्लूमबर्ग बिलेनियर इंडेक्स में दुनिया के 500 बड़े अमीरों का नाम बताया गया है, जिसमें कुल 19 भारतीय शामिल हैं। हालांकि इस फेहरिस्त के टॉप-10 में कोई भारतीय शामिल नहीं है। रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी भी 12वें नंबर पर हैं। उनकी नेटवर्थ 48 अरब डॉलर यानि 3.40 लाख करोड़ रुपए बताई गई है।

ध्यान रहे कि 3 तिमाही से रिलायंस इंडस्ट्रीज लगातार रिकॉर्ड प्रदर्शन कर रही है। 2018 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में कंपनी को 10,000 करोड़ रुपए से ज्यादा का मुनाफा हुआ। इतना तिमाही मुनाफा कमाने वाली वो देश की पहली निजी कंपनी है। फरवरी 2018 से अब तक

रिलायंस के शेयर ने 33त्न का रिटर्न दिया है। इससे मुकेश की नेटवर्थ में तेजी से इजाफा हुआ। वो रिलायंस इंडस्ट्रीज के सबसे बड़े शेयरधारक हैं।

जुलाई 2018 में मुकेश अंबानी एशिया के सबसे बड़े अमीर बन गए थे। उन्होंने चीन की सबसे बड़ी ई-कॉमर्स कंपनी अलीबाबा के फाउंडर और चेयरमैन जैक मा को पीछे छोड़ दिया था। ब्लूमबर्ग बिलेनियर इंडेक्स में जैक मा फिलहाल 19वें नंबर पर हैं। उनकी नेटवर्थ 41.6 अरब डॉलर (2.95 लाख करोड़ रुपए) है। वो चीन के सबसे बड़े अमीर हैं।

वहीं गूगल की पेरेंट कंपनी अल्फाबेट के प्रेसिडेंट सर्गे ब्रिन की नेटवर्थ 53.2 अरब डॉलर (3.77 लाख करोड़ रुपए) है। बिलेनियर इंडेक्स में वो 10वें नंबर पर हैं।

लड़ाकू विमान तेजस में उड़ान भरने वाली पहली महिला बनीं बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधु

बेंगलुरू (आरएनएस)। देश की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पी.वी. सिंधु ने बेंगलुरू में एयरो इंडिया-2019 एयर शो के चौथे दिन लड़ाकू विमान तेजस में उड़ान भरकर इतिहास रच दिया है। इस उड़ान के साथ ही तेजस में उड़ान भरने वाली भारत की पहली महिला सह-पायलट बन गई हैं।बता दें कि अब तक इस विमान में किसी महिला ने उड़ान नहीं भरी है।

दरअसल एयरो इंडिया का चौथा दिन महिला दिवस के तौर मनाया जा रहा है और इसी के चलते सिंधु को ये मौका मिला। वहीं सभी महिला चालक दल अन्य विमानों को भी उड़ाएंगीं। बताया जा रहा है कि तीन महिला आईएएफ फाइटर पायलट बीएई सिस्टम्स पीएलसी के हॉक- आई एडवांस्ड जेट ट्रेनर को उड़ाएंगी, इसके अलावा एक उन्नत रूसी निर्मित मिग -21 भी होगा।

आज का राशिफल

मेषः- आपका दिन आर्थिक एवं व्यावसायिक दृष्टिकोण से लाभकारी रहेगा। अगर आप व्यापार से जुड़े हुए हैं तो उसके विस्तार की योजना बनाएंगे। शरीर एवं मन से आज आप तरोताजा महसूस करेंगे।

वृषभः- आप अपनी वाणी से किसी को मंत्रमुग्ध कर लाभ ले पाएंगे और मेलजोल के संबंध बना सकेंगे। आपकी वैचारिक समृद्धि में बढ़ोतरी होगी और मन प्रफुल्लित रहेगा।

मिथुनः- आपके मन में भांति-भांति के विचारों की तरंगे उठेंगी। आप उन विचारों में खोए रहेंगे। आज बौद्धिक कार्यों में जुड़ना पडेगा, लेकिन वाद विवाद में न उतरें। आप संवेदनशील रहेंगे।

कर्कः- आज आपका दिन शुभ रहेगा। नए कार्य प्रारंभ करने के लिए दिन शुभ है। मित्र एवं स्वजनों से भेंट होगी। प्रियजनों से सुख एवं आनंद की प्राप्ति होगी। पर्यटन के लिए मित्र और परिजनों के साथ योजना बन सकती है। मन में प्रसन्नता छाई रहेगी।

सिंहः- आजका आपका दिन मध्यम फलदायी कहा जा सकता है। व्यय अधिक होगा। आज परिवारवालों का अच्छा सहकार मिलेगा। स्त्री मित्र भी आपकी सहायक होंगी।

कन्याः- आपका दिन मध्यम फलदायी होगा। विचारों की समृद्धि बढ़ेगी। लाभकारी और मेलजोल भरे संबंध बना सकेंगे। व्यावसायिक रूप से दिन लाभदायी रहेगा। आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

तुलाः- स्वास्थ्य का ध्यान रखने के लिए गणेशजी सूचित करते हैं। असंयमित या अविचारी वर्तन आपको परेशानी में डाल सकते हैं। दुर्घटना से सावधान रहें। खर्च अधिक रहेगा।

वृश्चिकः- गणेशजी कहते हैं कि आपका आज का दिन लाभदायी रहेगा। नौकरी-व्यवसाय में लाभ प्राप्त होगा। मित्रों के साथ भेंट हो सकती है और घूमने-फिरने की योजना भी बन सकती है।

धनुः- आज का दिन शुभ फल प्रदान करने वाला है। गृहस्थ जीवन में आनंद छाया रहेगा। प्रत्येक कार्य में सफलता प्राप्त होगी। ऊपरी अधिकारी आप पर प्रसन्न रहेंगे।

मकरः- आज का दिन आपके लिए अनुकूलता और प्रतिकूलता से मिश्रित फलदायी रहेगा। बौद्धिक कार्य और व्यावसायिक क्षेत्र में आप नए विचारों से प्रभावित होंगे और उन्हें अपनाएंगे। संतान से संबंधित प्रश्न आपको दुखी कर सकते हैं।

कुंभः- अनैतिक कृत्यों से दूर रहने की गणेशजी सलाह देते हैं। वाणी पर संयम रखें। इससे पारिवारिक घर्षण को आप टाल सकेंगे। प्रत्येक व्यक्ति, वस्तु या घटना को सकारात्मक दृष्टिकोण से देखने की जरूरत है।

मीनः- दैनिक कार्यों से फुर्सत पाकर आज बाहर घूमने-फिरने और मनोरंजन प्रवृत्तियों के लिए समय निकालेंगे। परिजन और मित्रों का भी इस प्रवृत्तियों में समावेश करेंगे, जो कि उनके लिए भी आनंदप्रद रहेगी।

अगर घर के मंदिर में रखा है शिवलिंग तो न करें इन कामों को

भगवान शिव को भोलेभंडारी माना जाता है। 4 मार्च के दिन महाशिवरात्रि का त्योहार मनाया जाएंगा। भगवान शिव के लिए माना जाता है कि इनकी पूजा करने से भगवान शिव जितनी जल्दी प्रसन्न होते हैं उतनी ही जल्दी नाराज हो जाते हैं। इसके साथ ही शिव पूजा के लिए कई सारे नियम भी बनाएं गये हैं। घर में अगर शिवलिंग रखा हो तो कुछ बातों को भी ध्यान में रखना जरुरी है नहीं तो भगवान शिव नाराज हो सकता हैं। इस लेख में शिवलिंग के घर पर रखें होने ध्यान में रखी जाने वाली बातों के बारे में बता रहे हैं।

शास्त्रों में माना जाता है कि घर में बेडरूम में कभी भी शिवलिंग को नहीं रखना चाहिए। बेडरुम में शिवलिंग के रखें होने से भगवान शिव नाराज हो सकते है। घर में शिवलिंग रखा है तो ऐसे घर में कभी भी कोई चोरी का सामना नहीं रखना चाहिए। अगर कोई चोरी का सामान घर में रखता हैं तो शिव रुष्ट हो सकते हैं जिसके कारण जीवन में कई परेशानी आएंगी। घर के मंदिर में अगर शिवलिंग रखा है तो उस घर में कभी भी मांस मदिरा का सेवन नहीं करना चाहिए। मांस मदिरा के सेवन करने से भगवान शिव नाराज हो सकते है।घर के मंदिर में अगर शिवलिंग रखा है तो उस घर में हमेशा साफ सफाई रखें नही तो भगवान शिव नाराज हो सकते हैं।

घर में शिवलिंग को भूलकर भी रसोई घर में ना रखें रसोई घर में शिवलिंग को रखने से भगवान शिव नाराज हो सकते हैं। इस कारण से रसोई घर में ना रखें।

मीराबाई चानू का जलवा बरकरार, एक और स्वर्ण पदक जीता

विशाखापत्तनम (आरएनएस)। विश्व चैंपियनशिप की स्वर्ण विजेता रेलवे की सैखोम मीराबाई चानू ने अपना वर्चस्व कायम रखते हुए यहां 71वीं पुरुष और 34वीं महिला सीनियर राष्ट्रीय भारोत्तोलन प्रतियोगिता में शुक्रवार को 49 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीत लिया।

विश्व चैंपियनशिप की स्वर्ण विजेता और राष्ट्रमंडल खेलों में कई पदक जीत चुकी मीराबाई चानू ने स्नैच में 83 किग्रा और क्लीन एंड जर्क में 111 किग्रा सहित कुल 194 किग्रा वजन उठाकर स्वर्ण पदक जीता। हरियाणा की दीपिका (180) को रजत और मणिपुर की एस बिन्दयारानी देवी (172) को कांस्य पदक मिला। महिलाओं के 45 किग्रा वर्ग में दिल्ली की रिया सेन ने कुल 154 किग्रा

वजन उठाकर स्वर्ण जीता। महाराष्ट्र की श्रीदीपाली गुसाले (153) को रजत और कर्नाटक की तुष्मिता एमवी (150) को कांस्य पदक मिला। पुरुषों के 55 किग्रा वर्ग में मणिपुर के ऋषिकांत सिंह (239) ने स्वर्ण, महाराष्ट्र के शुभम टोडकर (237) ने रजत और छत्तीसगढ़ के हीरेन्द्र सारंग (236) ने कांस्य पदक जीता।

नाश्ते के लिए बेस्ट और हेल्दी है हरा-भरा फलाफल

हेल्दी और टेस्टी स्नैक्स खाने का दिल कर रहा है तो फलाफल का आइडिया रहेगा बेस्ट। प्रोटीन और फाइबर से भरपूर इस स्नैक्स को आप कभी भी बना सकते हैं।

सामग्री :

2 कप उबला हुआ काबुली चना, 1/2 कप कटी हुई सेलेरी, 1 बारीक कटा प्याज, 1/3 कप कटी हरी शिमला मिर्च, 2/3 कप बारीक कटा पार्सले, 2/3 कप बारीक कटा पुदीना, 1/2 कप सोया पत्ती, नमक, 2 टीस्पून जीरा, ङ टीस्पून गार्लिक पाउडर या बारीक कटा लहसुन, 1/2 टीस्पून ऑरगेनो, द टीस्पून दालचीनी पाउडर, 1/2 टीस्पून बेकिंग सोडा, 1/2 कप चावल का आटा

विधि :

ग्राइंडर में सारी चीज़ें डालकर अच्छे से पीस लें।

इस मिश्रण को बाउल में निकालें और इसकी टिक्कियां बनाएं। इन टिक्कियों को फ्रिज में सेट होने के लिए रख दें।

फ्राइंगपैन में तेल डालकर टिक्कियों को शैलो फ्राई कर लें। इन्हें डीप फ्राई करके भी खाया जा सकता है। इसे वेज मेयोनीज़ के साथ परोसें।

शब्द सामर्थ्य-87

बाएं से दाएं :
1. अनुचित, असत्य, जो ठीक न हो 3. बेवजह, बिनाकारण, व्यर्थ 4. हल्कीनींद, चकमा, धोखा 6. शक्कर पानी आदि का मीठा घोल 10. सोते से उठाना, सावधान करना, प्रदीप्त करना 11. चरमसीमा, सीमांत 14. पानी, आंसू 15. बैठा हुआ, विराजित 16. नृत्य 17. मृतप्राय, मृत्यु के करीब 19. जल, अम्बु 22. उपहार, भेंट 23. खबर, संदेश।

ऊपर से नीचे
1. गणपतिजी, 2. मांगनेवाला, पाने की इच्छा करने वाला 3. मिट्टी के रंग का, मटमैला 5. चला आता हुआ क्रम प्रथा, प्रणाली, रीति-रीवाज, 7. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 8. पेड़ का धड़ा जहां से शाखाएं निकलती है, 9. मिठाई, खाने की मीठी चीज 12. शासन, गुप्तबात 13. श्रद्धा, स्त्री, जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित प्रसिद्ध महाकाव्य 15. विपत्तिग्रस्त, दुखी, अभागा 16. प्रसिद्ध, नामवर 18. स्वप्न, ख्वाब 20. करीब, नजदीक, समीप 21. सुबह, प्रातः, सबेरा।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 86 का हल

अ	भि	षे	क		प	स		
जा	त		थ	प	थ	पा	ना	
य	र	का	नी		भ्र		र	शिम
ब	धा	र		क	ष्ट	प्र	द	
	त	ना	त	नी		र्व		ब
अ		मा		ज	मा	त		ल
स	जा					क	ज	रा
बा		बे	स	हा	रा		ग	म
ब	गु	ला		रा	ज	दू	त	

सू-दोकू-87

	6	3		8		1		4
8			3		4		7	
	4			5		8		
3		8			1		4	
	1			4		9		7
		4			2		1	
1				3		4		8
	8		2		9		3	
		9		1		2		5

नियम
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.86 का हल

6	7	9	2	4	5	3	1	8
2	1	8	3	7	6	9	5	4
7	6	4	5	2	8	1	3	9
3	8	1	6	9	7	2	4	5
9	2	5	4	1	3	8	6	7
8	3	7	9	6	4	5	2	1
5	4	2	8	3	1	7	9	6
1	9	6	7	5	2	4	8	3
4	5	3	1	8	9	6	7	2